**भारत सरकार**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**

**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 181**

**जिसका उत्तर सोमवार, 24 नवंबर, 2014 को दिया जाना है**

**राष्ट्रीय इलैक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन**

**181. श्री महेश गिरी:**

**श्री डी. के. सुरेश:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय इलैक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना 2020 तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त मिशन के अंतर्गत अर्जित करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस मिशन के अंतर्गत दिल्ली/एनसीआर के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) से (ग):** जी, हां।

इस योजना के अंतर्गत देश में भरोसेमंद, किफायती और दक्ष इलेक्ट्रिक तथा हाइब्रिड वाहनों (एक्सईवी) के प्रगामी प्रवर्तन को प्रोत्साहित करने की परिकल्पना की गई है जो स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं के संवर्धन और विकास के लिए सरकार-उद्योग के बीच सहयोग, आवश्यक आधारभूत ढांचे, उपभोक्ता जागरूकता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से उपभोक्ता की निष्पादन और कीमत संबंधी अपेक्षाओं को पूरा कर सके; जिसके परिणामस्वरूप भारत 2020 तक विश्व में एक्सईवी दुपहिया तथा चौपहिया वाहन बाजार में अग्रणी देश के रूप में उभर सकेगा। इस मिशन का लक्ष्य लोगों को एक ऐसी स्वच्छ परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना है जो जीवाश्म ईंधन पर आधारित गैसोलीन पर निर्भर न हो।

**(घ):** मिशन के अंतर्गत दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए को विशिष्ट लक्ष्य नियत नहीं किया गया है।

*******